माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2012–13 में जयपुर में नया प्रादेशिक परिवहन कार्यालय खोलने की घोषणा की गई जिसकी क्रियान्विति पर क्षेत्राधिकार के आधार पर पूर्व में संचालित कार्यालय को प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर (दक्षिण) एवं नये खोले जाने वाले कार्यालय को प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर (उत्तर) नामित किया गया। कार्यालयों का कार्यक्षेत्र थानों के हिसाब से विभाजित करते हुए विद्याधर नगर में नया कार्यालय प्रा.प.का. जयपुर (उत्तर) खोलने का नीतिगत निर्णय उच्च स्तर से लिया गया। जिसकी क्रियान्विति के लिए सरकारी भूमि भवन उपलब्ध कराने हेतु जिला कलक्टर, जयपुर को पत्र लिखे गये। सरकारी भूमि भवन की अनुपलब्धता पर जिला कलक्टर द्वारा एन.ओ.सी. जारी की गई तत्पश्चात् किराए पर भवन तलाश किया जाकर वित्त विभाग की सहमति से किराये पर भवन लिया जाकर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर (उत्तर) विद्याधर नगर क्षेत्र में खोला गया। उच्च स्तरीय निर्णय वर्ष 2015 में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय बन्द कर जिला परिवहन कार्यालय लाईसेंस व गैर परिवहन यथावत रखा गया। वर्तमान में नगर निगम द्वारा भूमि भवन उपलब्ध करा दिया गया है। जिसमें शीघ्र ही जिला परिवहन कार्यालय, विद्याधर नगर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

(कल्पना अग्रवाल)
प्रादेशिक परिवहन अधिकारी,
जयपुर

D//Estt//Letters//2018//

Scanned with CamScanner